बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-338
27/09/2019

आद्री के पुनर्निर्मित परिसर का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

पटना, 27 सितम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीच्यूट (आद्री) के पुनर्निर्मित परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया। इस अवसर पर आद्री द्वारा मुख्यमंत्री को मोमेंटो भेंट किया गया।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, आद्री के सदस्य सचिव श्री शैवाल गुप्ता, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, जगजीवन राम शोध संस्थान के निदेशक श्री श्रीकांत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******